Ultimately, such advancements can transform the prototype into a **clinically useful assistive technology** accessible to a broader patient population.

8. Conclusion

This research presents a practical, low-cost and non-invasive solution to assist Parkinson's patients in monitoring their daily physical activity and detecting tremor episodes in real-time. By integrating

accelerometer and gyroscope sensors into a wearable smartwatch system, the model successfully detects abnormal movements associated with Parkinson's disease.

The results validate the feasibility of such a device to offer continuous support outside clinical settings, especially in rural or remote areas. The proposed design enhances patient autonomy, supports early intervention and opens opportunities for AI-driven healthcare innovation.

Though the prototype was tested in a controlled setup, future improvements can include mobile app integration, machine learning-based personalization and broader clinical validation with real patients.

In conclusion, this smartwatch-based monitoring system holds strong potential to contribute meaningfully to the field of assistive healthcare technology and improve the lives of Parkinson's patients.

References

1. Goetz, C.G. et al. (2004). "Movement Disorder Society-sponsored revision of the Unified Parkinson's Disease Rating Scale (MDS-UPDRS)." *Movement Disorders*.
2. Patel, S. et al. (2012). "Monitoring Motor Fluctuations in Parkinson's Disease Using Wearable Sensors." *IEEE Transactions on Information Technology in Biomedicine*.
3. Rigas, G. et al. (2012). "Tremor Analysis from Accelerometer Data Using Machine Learning Algorithms." *Physiological Measurement*.
4. Sharma, R. et al. (2021). "AI-based Smart Healthcare Wearables." *Indian Journal of Emerging Tech*, Vol. 9.
5. Parkinson's Foundation. (2023). "Understanding Parkinson's Disease." Retrieved from https://www.parkinson.org/

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

प्रेमचंद कृत कहानियों में नारी संवेदना

राजु पासवान
शोधार्थी, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग,
जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार
rajupaswan88136@gmail.com

प्रेमचंद का बचपन और तंगी में बीता और यह आर्थिक तंगी आजीवन रही। पिता को 40 रुपये मासिक वेतन मिलता था। छोटी-छोटी जरूरतों के लिये भी बराबर तरसते रहे। पतंग उड़ाने का इन्हें बड़ा शौक था। पर पैसे के अभाव में पतंग खरीद नहीं सकते थे, अतः पतंगों की लूट पर निर्भर करना पड़ता था। पिता के जीवन में भी बारह आने से अधिक के जूते और चार आने गज से अधिक के कपड़े नहीं खरीदे जा सके। पूरा परिवार डेढ़ रुपये महीने किराये की एक ही कोठरी में रहता था। अभी 8 वर्ष के ही थे कि माता आनन्दी देवी का देहान्त हो गया। स्नेहमयी जननी के आकस्मिक देहावसान ने प्रेमचंद के बाल-मस्तिष्क को बहुत गहराई से प्रभावित किया। मातृ-स्नेह से वंचित इनका अतृप्त मन बराबर इस स्नेह के लिये तरसता रहा। मातृ-स्नेह की ललक उनके साहित्य में अनेक स्थलों पर व्यक्त हुई है। मातृ-स्नेह से वंचित, 'निर्मला', 'कर्मभूमि', 'कर्मभूमि' आदि उपन्यास और 'सौतेली माँ', 'गृहदाह', 'दूसरी शादी', 'स्मृत का पुजारी', 'प्रेरणा', 'घर जमाई', 'अलग्योझा' आदि कहानियों में चित्रित बालक वस्तुतः स्वयं प्रेमचंद ही हैं। ऐसे टुबर बालकों के विषय में वे लिखते हुए उन्होंने कहा है—''मातृहीन बालक संसार का सबसे करुणाजनक प्राणी है। दीन-से दीन प्राणियों को भी ईश्वर का आधार होता है जो उनके हृदय को सँभालता रहता है। मातृहीन बालक इस आधार से वंचित होता है। माता ही उसके जीवन का एकमात्र आधार होती है। माता के बिना वह पंखहीन पक्षी ही है।'' कर्मभूमि में भी मातृ-स्नेह से वंचित अमरकान्त प्रेमचंद ही हैं—''अमरकान्त ने अपने जीवन में माता का स्नेह न जाना था। जब उसकी माता का अवसान हुआ, तब वह बहुत छोटा था। उस दूर अतीत की कुछ धुँधली-सी और इसलिये अत्यन्त मनोहर और सुखद स्मृतियाँ शेष थीं।'' इन्द्रनाथ मदान को 7-9-1935 में लिखे एक पत्र में अपनी माँ का जिक्र करते हुए प्रेमचंद ने लिखा था—''वह एक महान् नारी थी। सभी माताओं का जैसा कि स्वभाव होता है, कभी तो वह ममता की मूर्ति बन जाती थी और कभी अत्यन्त कठोर।'' माता की मृत्यु के बाद प्रेमचंद को दादी का मातृवत् स्नेह मिला। दादी भी, जब ये 12 साल के थे चल बसीं। इस तरह स्नेह की दूसरी छाया भी प्रेमचंद के सिर से उठ गयी। पर मातृस्नेह की इस मधुर स्मृति ने नारी के प्रति उन्हें सदा श्रद्धापूर्ण बनाए रखा। कहा जा चुका है कि प्रेमचंद ने अपनी कला-कृतियों में मातृ-प्रेम के प्रति सदा श्रद्धांजलि अर्पित की है।

इनकी माता आनन्दमयी की मृत्यु के बाद पिता ने दूसरी शादी की। विमाता से, जिन्हें वे 'चाची' कहते थे, उन्हें स्नेह नहीं मिला बल्कि उनके दुर्व्यवहार ने घर के प्रति उनमें विरक्ति ही जगायी। साथ ही नारी के एक अन्य रूप से परिचित कराया। विमाता द्वारा उपेक्षा तथा स्नेहहीनता ने उन्हें एकान्तप्रेमी और कल्पनाशील बना दिया। 'गृहदाह' में मातृहीन, विमाता द्वारा सताये सत्यप्रकाश की स्थिति का वर्णन करते हुए प्रेमचंद ने लिखा है, ''सत्यप्रकाश को एकान्त से प्रेम हो गया। अकेला बैठा रहता। वृक्षों में उसे कुछ-कुछ सहानुभूति का अज्ञान अनुभव होता था, जो कि घर के प्राणियों में उसमें मिलती थी। माता

का प्रेम था तो सभी प्रेम करते, माता का प्रेम उठ गया तो सभी निष्ठुर हो गये। पिता की आँखों में भी वह प्रेम ज्योति न रही। दरिद्र को कौन भिक्षा देता है।'' विमाता के दुर्व्यवहार की चर्चा शिवरानी देवी प्रेमचंद ने भी की है। प्रेमचंद को अपनी माँ के मरने के बाद खाने-पीने में भी तकलीफ होने लगी। पर पेट की भूख से भी अधिक भूख थी मन की। शिवरानी से इस भूख की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, ''अब तुम मुझे कैसे खिलाती हो? स्त्री में स्त्रीत्व ही नहीं, बल्कि मातृत्व भी होना चाहिए। जब तक यह भाव न हो, तब तक किसी से प्यार, पालन कुछ सम्भव नहीं।''

मानव सभ्यता की विकास- यात्रा के समानांतर नारी का संघर्ष भी निरंतरता में आरम्भ से ही समाज में विद्यमान रहा है। देश-काल के साथ इस संघर्ष के सिर्फ स्वरूप बदलता रहा है। मूल स्वर में सामंती युग से लेकर आज के वर्तमान समय तक एकतानता है। देखा जाए तो जो नारी सृजन का आधार बन सकती है तो वहीं सृष्टि के विनाश का कारण भी तो बन सकती है। इस सत्य को जानते हुए भी हमारा समाज इसे नकार ही रहा है। हम भारतवर्ष को 'भारतमाता' कहकर पुकारते हैं, लेकिन इसी भारत भूमि में स्त्री बार- बार तिरष्कृत होती आई है। उसके आत्मसम्मान का हनन किया जाता है। भारतीय समाज में नारी का शोषण आज से ही नहीं बल्कि प्राचीनकाल से होता आ रहा है। नारी को केवल भोग की वस्तु ही समझा जाता है और समाज में पुरूष प्रधान वर्ग ने भी उसे केवल वस्तु के रूप में ही उपभोग किया है। जिंदगी के सभी क्षेत्रों में नारी शोषित है, फिर चाहे वह पढ़ी- लिखी हो, नौकरी वाली या फिर अनपढ़। वैवाहिक जीवन में शरीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण तो आज भी चल ही रहा है। देखा जाए तो भारत की ग्रामीण नारी की स्थिति को देखकर लगता नहीं है कि वह भारत की आज़ाद नारी है!! गाँव ही नहीं बल्कि शहरों में भी यहीं स्थिति है। आज भी वह सड़कों पर अकेली घूम नहीं सकती और उसे अपने जीवन के फैसले लेने का भी अधिकार नहीं हैं। भारत के कुछ प्रांतों में आज भी उसे गर्भ में ही मार दिया जाता हैं... क्या वह स्वतंत्र हैं? आजादी की परिभाषा केवल कागज़ के पन्नों पर लिखी है, वास्तविकता तो खैर कुछ और ही है, जिसको हम सब अच्छे से जानते हैं।

बीज शब्द : संवेदना, सृष्टि, आत्मसम्मान, अनुभूति, चिंतन, शोषण।

भूमिका

संवेदना से अभिप्राय- अनुभूति, सहानुभूति, यानि महसूस करना, किसी बात किसी वस्तु व्यक्ति या घटना को महसूस करते हुए उस दर्द या दुःख को समझना, इत्यादि। नारी संवेदनाश जैसे कि नारी के अन्तर्मन की अनुभूतियाँ तथा उन अनुभूतिओं के गहनतम रूप को ही नारी संवेदना का मूल आशय माना जा सकता है।

नारी सृजन की शक्ति है और सृष्टि का आधार मानी जाती है। वह जिस रूप में चाहे अपनी शक्ति का प्रयोग कर सकती है। वह एक ममतामयी माँ के रूप में हो या फिर चाहे आदि शक्ति के ही रूप में ही क्यों न हो। हर क्षेत्र में वह अपनी ऊर्जा बिखेरती प्रतीत होती है। हाँ, यह अलग बात है कि अपना स्वतंत्र अस्तित्व होने के बावजूद भी आजतक समाज में नारी को अपना सही स्थान प्राप्त नहीं हुआ और उसे अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। नारी समाज का अभिन्न अंग है, यह समाज का आधा हिस्सा है। बिना नारी के पुरुषों के संसार की कल्पना कोई नहीं कर सकता है। जगदीश्वर चतुर्वेदी जी कहते है, ''स्त्री समाज की मुख्य धारा का आधा आकाश है, आधा यथार्थ है तो उसका हर चीज, हर विचार, प्रत्येक सृजन रूप एवं संस्थागत रूपों में बराबर का हक भी बनता है। नारी की उपेक्षा वस्तुत आधे यथार्थ की स्वीकृति है, यह खंडित यथार्थ, यह ऐसा यथार्थ है जो अवास्तविक है।''[1]

प्रेमचंद की कहानियों में नारी संवेदना

प्रेमचन्द युग में स्त्री व पुरुष के लिए न्याय का मानदण्ड एक नहीं था जो कार्य पुरुष के लिए मान्य था, वही नारी के लिए प्रतिबंध था। प्रेमचन्द युग में नारी दहेज, अनमेल विवाह, बाल- विवाह, नारी- अशिक्षा, वैश्या आदि विभन्न समस्याओं में घिरी हुई थी, प्रेमचंद ने इसी समस्याओं को केन्द्र में रखकर नारी संवेदना को अपनी कहानियों में स्थान दिया।

दहेज समस्या- हिन्दू समाज में दहेज प्रथा ने विवाह को जटिल बना दिया है। यह समस्या प्रेमचंद युग में समाज के निम्न स्तर से उच्च स्तर तक पाई जाती है और आज वर्तमान समय में भी पाई जाती है। दहेज की समस्या ने पुत्री के जन्म को ही अप्रिय बना दिया है।प्रेमचंद लिखते हैं- "जिसके घर में दो- तीन कन्याएं आ गई है, बस समझ लो उसका सर्वनाश हो गया। माता- पिता के लिए अब इसके सिवाय और कोई त्राण नहीं कि वे अपना पेट काटें, तन कांटें, धोखाधड़ी से रूपए लावें।"[2] उसी तरह बाल विवाह के कारण विधवा और वेश्या समस्या का जन्म हुआ है। इन सभी समस्याओं से नारी ही त्रस्त पाई जाती है। प्रेमचंद जी ने अपनी कहानियाँ- 'उद्धार', 'विद्रोही', 'कुसुम', 'एक आंच की कसर', 'नरक का मार्ग' आदि में दहेज-प्रथा के दूषण के कारण नारी की इच्छा, आशा, सपने को कुचले जाने की व्यथा को उजागर किया है। नारी को केवल विवाहपयोगी चीज मानकर, किसी भी स्थिति में पति को देवता मानकर व्यथित जिंदगी बिताने की दयनीय दशा पर प्रकाश डाला है। दहेज के कारण प्रताड़ित नारी के परिवेश एवं समस्याओं को वर्णित करने के साथ ही उसे विद्रोह के स्वर भी दिये हैं। दहेज की समस्या से ग्रस्त नारी का विक्षोभ यहाँ उभर कर आया है।

अनमेल विवाह- हमारे समाज में लड़कियों का विवाह समय पर न हो तो खानदान के लिए बहुत बड़ा अपमान समझा जाता है। दहेज के कारण माता- पिता अपनी बेटी का अनमेल विवाह कर देते है। इस तरह ग्रस्ति नारी संवेदना को उजागर करती प्रेमचंद जी की कहानियाँ 'शांति', 'आभूषण', 'सौत', 'रहस्य', 'लांछन', 'जीवन का शाप', 'दो सखियाँ' आदि प्रसिद्ध है। स्वर्ग का मार्ग कहानी में एक धनी बूढ़े व्यक्ति के साथ जवान कन्या का विवाह होता है। पति हमेशा पत्नी पर शक करता है। वह खुद को एक कैदी सा महसूस करती है। उसका कहना है कि- "मैं इसे विवाह का पवित्र नाम नहीं देना चाहती। यह कारावास ही है। मैं इतनी उदार नहीं हूं कि जिसने मुझे कैद में डाल रखा है उसकी पूजा करूं।"[3] 'नया विवाह' कहानी में भी एक बूढ़ा व्यक्ति एक युवती आशा से विवाह करता है। उसे आभूषणों एवं वस्त्रों द्वारा अपनी ओर आकर्षित करना चाहता है, मगर सफल नहीं हो पाता। अनमेल विवाह के फलस्वरूप आशा बूढ़े पति की उपेक्षा हम उम्र नौकर के प्रति आकर्षित होती है। लेकिन आशा सच्चे प्रेम को प्राथमिकता देती है। अनमेल विवाह के विरूद्ध लड़की चाहती है कि- "बूढ़े खूसट पति की अपेक्षा जहर खाकर मरना कहीं अच्छा है क्योंकि तिल तिल कर आजीवन मरते रहने की अपेक्षा एक दिन मर जाना ज्यादा सुखद है।"[4] यहाँ पर प्रेमचंद के प्रगतिशील विचारों की झलक दिखाई पड़ती है। स्त्रियाँ अनमेल विवाह के खिलाफ अपना स्वतंत्र निर्णय लेती दिखाई पड़ती हैं।

विधवा की त्रासदी- प्रेमचंद विधवा को भारतीय नारियों के लिए सबसे बड़ा अभिशाप मानते हैं। बाल विवाह, अनमेल विवाह आदि के कारण तत्कालीन समाज में विधवाओं की संख्या अधिक हो गई थी। पुनर्विवाह न होने एवं आर्थिक परेशानियों के कारण वे बदत्तर जीवन जीने को बाध्य थीं। विधवाओं को समाज भी हेय दृष्टि से देखता था। 'नैराश्य लीला' की कैलास कुमारी 13 वर्ष की आयु में ही विधवा हो गई है जो अपने माता-पिता के अनुसार जीवन व्यतीत करती है। फिर भी समाज उस पर कड़ी निगाह रखता है। उसे यह लगता है कि समाज क्यों नहीं समझता कि 'विधवा स्त्री' में भी जीवन है। वह उसे जड़ समझकर अपने इशारों में चलने को क्यों मजबूर करता है? कैलास कुमारी का यह प्रश्न समाज के प्रति आक्रोश है। प्रेमचंद ने विधवा की वास्तविक स्थिति को श्बेटों वाली विधवा' कहानी के माध्यम से समाज के सामने रखा है, जहां फूलमती पति की मृत्यु के बाद अपने बेटों, बहुओं के द्वारा सतायी जाती है। जायदाद की बात करने पर वे कहते हैं- "कानून यही है कि बाप के मरने के बाद जायदाद बेटों की हो जाती है।"[5] 'बूढ़ी काकी' कहानी की विधवा अपनी जायदाद भतीजे बुद्धिराम के नाम लिख देती है। लेकिन जायदाद पाकर बुद्धिराम और उसकी पत्नी उससे दुर्व्यवहार करने लगते हैं। बाल विधवा होने पर हमारा समाज उसे पुनर्विवाह की आज्ञा न देकर घुट- घुट कर जीने को मज़बूर करता हैं। जिससे कभी-कभी विधवाएं पतित हो जाती थीं या फिर आत्महत्या कर लेती थीं। 'धिक्कार' कहानी की 'मानी' के मन में प्रेम की आकांक्षा जन्म लेती है और मानी का चचेरा भाई उस की दुर्दशा देखकर उसका पुनर्विवाह करवा देता है। लेकिन मानी को परिवार वालों की खरी-खोटी सुननी पड़ती है और मानी स्वयं को ही दोषी समझते हुए आत्महत्या कर लेती है। प्रेमचंद विधवा स्त्री की त्रासदी को देखते हुए जो समाधान करना चाहते हैं उसमें युगीन प्रभाव देखने को मिलता है।

वेश्या जीवन की बिडम्बना- वेश्यावृत्ति कोई भी स्त्री अपनी इच्छा से नहीं अपनाती। इसके पीछे कोई ना कोई विवश करने वाली परिस्थितियां होती हैं। अनमेल विवाह, अशिक्षा, आर्थिक पराधीनता, पारिवारिक कलह, नारी का अपमान आदि के कारण स्त्री को मज़बूरी में यह पेशा अपनाना पड़ता है। प्रेमचंद युगीन समाज में किसी कारण स्त्री एक बार घर से बाहर निकल आई तो उसके सामने दो ही विकल्प थे- पहला आत्महत्या दूसरा वेश्यावृत्ति। 'नरक का मार्ग', 'एक्ट्रेस', 'वेश्या' आदि कहानियों में स्त्रियों द्वारा वेश्या प्रथा को अपनाने की मज़बूरियां दिखाई गई है। श्नरक का मार्ग' कहानी की नायिका बूढ़े पति को मन से ना अपना पाने के कारण पतन की ओर जाती है। उसका कहना है "मेरे पतन का अपराध मेरे सिर नहीं मेरे माता-पिता और उस बूढ़े पर है जो मेरा स्वामी बनना चाहता है।"[6] 'निर्वासन' कहानी की मर्यादा जब मेले में भटक जाने के कारण कुछ दिनों बाद घर वापस आती है। इस पर पति उसे अपनाने से मना कर देता है। 'वेश्या' कहानी की माधुरी कहती है? "नारी अपना बस रहते हुए कभी पैसों के लिए अपने को समर्पित नहीं करती यदि वह ऐसा कर रही है तो समझ लो कि उसके लिए और कोई आश्रय और कोई आधार नहीं हैं?"[7] माधुरी प्रेम के द्वंद में आत्महत्या कर लेती है। 'दो कब्रें' कहानी के प्रोफेसर रामेंद्र शिक्षित वेश्या पुत्री सुलोचना से विवाह तो कर लेते हैं किंतु समाज उसका बहिष्कार कर देता है। इससे स्पष्ट है कि वेश्याएं यदि सहज जीवन जीना चाहती भी हैं तो समाज उसे सहजता से स्वीकार नहीं करता।

नारी शोषण की समस्या

आज भी हमारे प्रत्येक गाँव में जमींदार वर्ग तथा उच्च वर्ग के लोग अपनी स्वार्थ के लिए निम्न वर्ग के लोगों का शोषण करते हैं। उन पर अन्याय, अत्याचार करते हैं। ऐसे ही अत्याचार को आज भी नारी मूक भावना से सहन कर रही है। गाँवों में नारी की सामाजिक स्थिति दयनीय है। आज भी वहीं नारी के प्रति सामंतवादी दृष्टिकोण देखने को मिलता है। नारियों का यौन शोषण भी वहाँ विद्यमान है। नारी की शोचनीय स्थिति प्रत्येक अंचल में है, वह चाहे ग्राम्यांचल हो या पर्वतीय, नगर का हो या आदिवासियों का।

प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में नारी शोषण समस्या पर प्रकाश डाला है। 'घासवाली' कहानी की मुलिया चमार जाति की स्त्री है, वह घास छिलाने का काम करती है। मुलिया अत्याधिक सुंदर होने के कारण गाँव का ठाकुर चैनसिंह कामासक्त होकर उसका हाथ पकड़ता है। डर के कारण वह अपने पति से कुछ नहीं कहती है, लेकिन दूसरे दिन ही वह मुलिया के सम्मुख मीठे शब्दों में प्रणय निवेदन करता है। तो उसे फटकारते हुए मुलिया कहती है, ''अगर मेरा आदमी तुम्हारी औरत से इसी तरह बातें करता, तो तुम्हें कैसा लगता? तुम उसकी गर्दन काटने पर तैयार हो जाते कि नहीं? बोलो! क्या समझते हो कि महावीर चमार है तो उसकी देह में लहू नहीं है, उसे लज्जा नहीं है, अपने मर्यादा का विचार नहीं है? ...मुझ से दया मांगते हो, इसलिए न कि मैं चमारिन हूँ, नीची जाति की हूँ और नीच जाति की औरत ज़रा- सी घुड़की धमकी वा ज़रा- सी लालच में तुम्हारी मुठ्ठी में आ जाएगी। कितना सस्ता सौदा है। ठाकुर हो न, ऐसा सस्ता सौदा क्यों छोड़ने लगे?"[8] प्रेमचंद ने यहाँ दलित समाज की नारी शोषण की समस्या को प्रस्तुत किया है।

प्रेमचंद की कहानियों में नारी की कुंठा, पीड़ा, क्षोभ और उत्पीड़न का संवेदनात्मक वर्णन किया जिसका मूल उद्देश्य- नारी मुक्ति था जिसका समर्थन शंभूनाथ जी ने किया है। वह कहते हैं कि- "प्राय सभी उपन्यास और कहानियों में प्रेमचंद ने समाजिक कुप्रथाओं पर चोट की और नारी मुक्ति की आवाज़ उठायी। वह सिर्फ सुधार में विश्वास नहीं करते बल्कि सामाजिक क्रांति भी चाहते हैं।"[9]

निष्कर्ष

प्रेमचंद ने अपने साहित्य के द्वारा नारी की पीड़ा, शोषण का चित्रण कर उन्हें इन सबसे ऊपर उठाने के लिए नई सोच एवं नई दिशा प्रदान की। प्रारंभ में लेखक ने सिर्फ नारी समस्याओं का चित्रण किया है। लेकिन धीरे धीरे नारियों का मुखर, जागरुक एवं विकासात्मक रूप दिखलाई पड़ता है जो जरूरत पड़ने पर समाज की रूढ़ियों आडंबरों आदि का खुलकर विरोध

करती हैं। सक्रिय राजनीति में भी अपना दबदबा रखती हैं। प्रेमचंद का उद्देश्य था नारियों की समस्याओं से परिचित कर उन्हें जागरुक एवं सचेत करना ताकि वे अपने प्रतिष्ठा की लड़ाई खुद लड़ सकें। जहां आधुनिक काल में भी नारियों को केवल अबला एवं श्रद्धा से सम्मानित कर मानवता की परिधि से ही निष्कासित कर दिया जाता है। आज भी स्त्रिया मानसिक एवं जैविक स्तर पर शोषित होती हैं। सभी अधिकारों एवं नारी समानता के बावजूद आज भी गांवों एवं शहरों में नारी संबंधी समस्याएं विभिन्न रूपों में मौजूद हैं।

संदर्भ सूची

1. जगदीश्वर चतुर्वेदी, स्त्रीवादी साहित्य, अनामिका पब्लिसर एंड दृष्टिव्यूटर, दरियागंज, नई दिल्ली, 2011, पृ. 02
2. अमृतराय, प्रेमचंदः विविध प्रसंग- भाग-2, हँस प्रका. इलाहाबाद, 1962, पृ. 265
3. प्रेमचंद, नारी जीवन की कहानियां, प्रेम प्रका. मंदिर दिल्ली, 1987, पृ. 63
4. वही, पृ. 63
5. प्रेमचंद, बेटों वाली विधवा, मानसरोवर
6. प्रेमचंद, नारी जीवन की कहानियां, प्रेम प्रका. मंदिर दिल्ली, 1987, पृ. 61
7. प्रेमचंद, वेश्या, मानसरोवर भाग- 2, पृ. 41
8. प्रेमचंद, मानसरोवर भाग- 1, पृ. 300
9. शंभूनाथ, प्रेमचंद का पुनर्मूल्यांकन, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1988, पृ. 26

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

भवानी प्रसाद मिश्र की कविताएँ और मानवतावाद

प्रो. ज्योति किरण
(हिंदी विभाग) महिला महाविद्यालय, किदवई नगर, कानपुर
मोबाईल नं. 9450431549

शोध सारांश : भारतीय समाज के जीवन दर्शन एवं साहित्यिक परम्पराओं में 'मानवता' को सर्वोपरि माना गया और मानवता का विकास साहित्य का अंतिम लक्ष्य है। भारतीय संस्कृति में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की प्रार्थना वस्तुतः मानवतावाद को लक्षित है। मानवतावाद की स्पष्ट अवधारणा नहीं होने के बावजूद यह सूत्र वाक्य मानवतावाद का पथ प्रदर्शक है। त्याग, तपस्या, सहिष्णुता, सद्भाव, प्रेम, दया, करुणा, ममता, मैत्री आदि मन की उदात्त भावनाएँ मानवतावादी विचारधारा के प्रमुख आधार है। इस विचारधारा के अनुसार आदर्श जीवन मूल्य ही उच्चतर जीवन स्तर के निर्वाह की प्रेरणा दे सकते हैं। समस्त मानव का कल्याण ही मानवतावाद के केन्द्र में है। मानव निर्मित जो सामाजिक विसंगतियाँ और भेदभाव है उसे दूर करने, मिटाने का प्रयास मानवतावाद का मूल लक्ष्य है। आधुनिक युगीन मानवतावाद ईश्वर में नहीं बल्कि मानव में ही स्थित अजेय परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास रखता है। मानवतावाद में मानव की अंतर्निहित अशेष शक्तियों, विकास की अनंत संभावनाओं का दर्शन निहित है। साहित्य में मानवतावादी स्वरूप की प्रतिष्ठा मुख्यतः दो प्रकार से हुई है। एक तो यह कि व्यक्ति अंततः सदाशयी है। कठोर से कठोर व्यक्ति के हृदय में भी करुणा की स्त्रोत स्विनी प्रवाहित होती है। होमर की अमर कृति 'इलियड' इस संदर्भ में विशेष रूप से देखी जा सकती है। दूसरा सामाजिक यथार्थ की अभिव्यक्ति से सम्बंधित है। प्रायः सभी भाषाओं के साहित्यकारों ने सामाजिक यथार्थ को अभिव्यक्ति देकर निम्नवर्ग के लोगों के पक्ष में अपनी आवाज उठाई है। साहित्य और समाज में व्यक्ति की उदात्त प्रवृत्ति को समझने, उसका अध्ययन, अनुशीलन करने तथा उसके सामाजिक धरातल पर व्यवहृत करने का सक्रिय प्रयास आरंभ से ही रहा है, और भौतिकवाद के उत्कर्ष, औद्योगिक और राजनीतिक क्रांतियों की परम्परा तथा परस्पर विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक मान्यताओं के बावजूद मानवता एक अखंड चेतना के रूप में निरंतर प्रवाहित होती रही है।

बीज शब्द : मानवतावाद, समाज, संघर्ष, कविता, भवानी प्रसाद मिश्र, मूल्य, समानता, असंतोष, शोषित, दया, सम्वेदना।

शोध का उद्देश्य : मानव समाज में मानवतावाद एक अत्यंत स्वाभाविक और सहज पहल है। मानव होने के नाते मानवता मनुष्य के स्वाभाविक गुण हैं। मानवता समग्र सृष्टि, प्रकृति, समग्र धरती को पोषित पल्लवित करती है। मानवता के विपरीत जब हम कार्य करते हैं तब विभिन्न प्रकार की समस्याएँ सामने आती है। मानव जब मानवता के डोर से बंधने के बजाए जातिगत, धर्मगत, वर्गगत डोर से बंध जाता है तब नाना संघर्ष सामाजिक, पारिवारिक स्तर पर देखा जाता है। सीमित, संकीर्ण स्वार्थ के वशीभूत मनुष्य अपनी अनंत कामनाओं को पूरा करने मनुष्य में प्रकृति और दूसरे लोगों की कामनाओं, भावनाओं की अनदेखी करता है। आकंठ लोभ में डूबा व्यक्ति सामाजिक, राष्ट्रीय दायित्व से बेखबर होता है। मानवतावादी कवि- भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं में क्षीण होती मानवता की पीड़ा व्यंजित है। किसी व्यक्ति का मन जितना सामाजिक

होगा संघर्ष उतना ही न्यूनतम होगा। हर कवि मानवता के पक्ष में खड़ा होता है लेकिन भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं का मूल ध्येय मानवता के वृहतर आयामों को स्थापित करना है। मानवतावादी चिंतन से ही समाज के सभी वर्गों का उत्थान संभव है। सभी मानव को मानव होने का गौरव तभी मिल पाएगा जब मानवतावादी चिंतन का प्रचार-प्रसार होगा। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं में मानवतावादी चिंतन पर प्रकाश डालना है। आज समाज में जिस तरह के संघर्ष और समस्याएँ है उससे सामाजिक-सांस्कृतिक ताना-बाना क्षत-विक्षत एवं लहूलुहान है। ऐसे समय में कवि की कविताएँ मानव मन के अंदर मानवता का संचार कर उसे उदात्त बनाती हैं। मानवतावादी होना कोई विमर्श और वाद नहीं है, बल्कि यह मनुष्यता की पहचान है। हमारी पहचान न खो जाए इसलिए कवि की कविताएँ हमे मनुष्यता की ओर ले जाती है।

प्रस्तावना : मानवतावाद का दूसरा अर्थ मानववाद भी है। मानवतावाद अंग्रेजी के 'Humanitarianism' का पर्याय है। बृहत् अंग्रेजी हिंदी कोष के अनुसार ह्यूमेनेटिरियनिज़्म का अर्थ लोकोपकार वाद, जनसेवावाद, मानव सेवावाद, लोकोपारिता, जनसेवा वाद आदि दिया गया है। पाश्चात्य विचारक शिलर ने मानवतावाद को परिभाषित करते हुए लिखा है कि "मानवतावाद वह दर्शन है जिसमें मानवीय ज्ञान, मेघाशक्ति, विज्ञान और साहित्य के केन्द्र में मानव को प्रविष्ठ किया है।"(1)

मानव प्रकृति की सबसे खूबसूरत निर्मिति है, क्योंकि मनुष्य ही इस दुनिया को खूबसूरत बना सकता है, बनाए रख सकता है। 'सबार ऊपर मानुष रे भाई, तहार ऊपर न कोई' चण्डीदास जी का यह कथन मानवतावाद का बुनियादी मंत्र है। एच. जे. मुलर ने मानवतावाद की परिभाषा इस प्रकार दी है :

"मानवतावादी विचार और प्रकृति के क्षेत्र में मानव के स्थान को सर्वोच्च मानने की भाव विधा है। वह भाव संसार में मानवीय शुभ एवं सौंदर्य को मन साम्राज्य के सिंहासन पर प्रतिष्ठित करता ह और सृष्टि में मानव को किसी भी बाह्यांत शक्ति या इच्छा का दास नहीं रहने देता।"(2)

मानवतावादी विचारधारा भारतीय साहित्य और संस्कृति में अति प्राचीन काल से चली आ रही है। स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय चेतना बौद्धिकता, वैज्ञानिकता और मानवतावाद की ओर अग्रसर हुई। विदेशी साहित्य के साथ-साथ भारतीय साहित्य में भी समाज की उदात्त प्रवृत्ति को जानने तथा उसके सामाजिक व्यवहारिक रूप प्रदान करने का प्रयास होता रहा है। मानवतावाद युग की नवीन चेतना से समाज के साथ-साथ संपूर्ण मानव का कल्याण चाहता है। भारतीय मनीषी आचार्य गुलाब राय ने मानवतावाद को परिभाषित करते हुए लिखा है : "मानवतावाद ने कविता को जीवन के संपर्क में लाने की माँग पेश करके शोषित, पीड़ित मानवता का पक्ष लिया। किसान मजदूरों की हिमाकत इसका मुख्य ध्येय हुआ और पूँजीपतियों को पानी पीकर कोसना इसका धर्म बना।"(3)

सामाजिक असमानता और आर्थिक विषमताओं को दूर करने का संदेश साहित्य में स्थापित करना मानवतावाद का उद्देश्य है इसलिए इसे जनवाद के रूप में भी देखा जाता है। रांगेय राघव ने कहा है—मानवतावाद को जनवाद तथा वास्तविक यथार्थवाद के रूप में देखा जा सकता है। इस प्रकार मानवतावादी आदर्श की स्थापना कारुण्य, पीड़ा शोषण और दुःख की भूमिका पर ही होती है। भारत के प्राचीनतम वांग्मय ऋगवेद में भी मानव समाज की उत्पति, मानव समाज के सुख और व्यवहार की सात्विकता की ही कामना प्रमुख रूप से अभिव्यक्त हुई है। मानवतावादी आदर्श के उपकरण उपनिषदों में भी स्पष्ट रूप से दिखलाई पड़ते हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने अपने ग्रंथ 'East and West' में लिखा है— "आत्मा की निर्मलता को स्थिर रखना ही मानव जीवन का लक्ष्य है। ---------- सच्च ऐश्वर्य मानसिक है, भौतिक नहीं। इस प्रकार हम देख सकते हैं कि भारतीय प्राचीन जीवन सम्बन्धी आध्यात्मिकता का आदर्श स्पष्ट हो जाता है। हिंदू धर्म में इसी आध्यात्मिक आदर्श को सशक्त अभिव्यक्ति मिली है। इसीलिए सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय साहित्य में इसी दिशा में प्रशस्त होने के निर्देश प्राप्त होते हैं। भारतीय मनीषियों ने व्यक्ति में उदात्त गुणों और सात्विकता की कल्पना करते हुए उसे ईश्वर का प्रतिरूप बतलाया है।"(4)

डॉ. राधाकृष्णन ने मानव में देवत्व की स्थिति मानी है। मानव के व्यक्तित्व में सात्विक गुणों और प्रेम की उदात्त भावना की स्थिति को मानना ही मानवतावादी आदर्श को प्रस्तुत करना है। वैदिक साहित्य में भले ही मानवतावाद शब्द का प्रयोग

नहीं हुआ है लेकिन जिन उदात्त आदर्शों की प्रतिष्ठा हुई है वो मानवता के विकास से ही सम्बंधित है। कालांतर में महात्मा बुद्ध के उपदेशों से मानवतावादी आदर्श का गहरा परिचय मिलता है। डॉ. राधाकृष्णन ने अपने ग्रंथ पूर्व और पश्चिम (East and West) में लिखा है—"बोधिसत्व सभी प्राणियों को उसी प्रकार प्रेम करते हैं, जिस प्रकार कोई व्यक्ति अपने एकमात्र पुत्र को प्रेम करता है। जिस प्रकार चिड़िया अपने बच्चों को चाहती है, और उनकी देखभाल करती है उसी प्रकार का व्यवहार बोधिसत्व सभी प्राणियों के साथ करते हैं।"(5)

जैन धर्म में भी मानवतावादी समभाव के आदर्श लक्षित होते हैं। संत साहित्य में लोककल्याण एवं लोक मंगल की भावनाएं प्रबल थी। संत साहित्य में व्यक्ति और समाज दोनों को समान महत्व दिया गया है।

भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं में मानवतावाद—कवि भवानी प्रसाद मिश्र मानते हैं कि सभी मानव समान है और महान है। लेकिन भारतीय सामाजिक संरचनाओं में जातिगत, धर्मगत, वर्गगत आदि विसंगतियों के कारण मानव आपस में बँटे हुए हैं। संत साहित्य में भी सभी संत कवियों ने सभी मानव को एक समान माना। मानवतावाद में जाति, धर्म, वर्ग, सम्प्रदाय, छूत-अछूत के लिए कोई स्थान नहीं है।

भवानी प्रसाद मिश्र लिखते हैं—

"पिछले सौ बरसों में कितने संत सुधारक
तुकाराम दादू, कबीर, कणप्पा, नानक
हमें सिखाने आए सब मानव समान है
सब छोटे हैं सब महान हैं।
मगर साफ यह बात हमारे गले न उतरी
हम पर चढ़ी चुड़ैल छूत की, भले न उतरी
लेकिन अब तो हमें होश में आना होगा
और नहीं तो मिटना और मर जाना होगा"(6)

छुआछूत सामाजिक कलंक है। आधुनिक भारतीय समाज में छुआछूत की पीड़ा कभी-कभी सामने आ जाती है। अज्ञानता, गरीबी, नफरत, हिंसा, अशिक्षा सब मानवता के दुश्मन हैं। भवानी प्रसाद मिश्र समाज को खुशहाल और समृद्ध देखना चाहते हैं—

"अज्ञान, गरीबी, द्वेष, घृणा सबके दुश्मन
हमको भी इनके देखे से दुःख होता है
और अगर ज्ञान आनंद स्नेह
विश्वास हमारे हाथों में रचते हैं
तो हमको भी सुख होता है।"(7)

एक सुखद समाज की आकाँक्षा में कवि अपने भावों की अभिव्यक्ति कविता के माध्यम से करते हैं। मानवतावादी दृष्टि में समन्वय की भावना को महत्वपूर्ण माना गया है। संत कवियों से लेकर आजतक के भक्तों में समन्वय की भावना दृष्टिगोचर होती है। समाज में यह समन्वय स्थापित करने के लिए शोषण और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष भी आवश्यक हो जाता है—

"युद्ध मरण धर्मा काम का शौक नहीं
जरूरत हो जाती है...
जब वह देखती है कि
कही भी कोई भी
नहीं सुन पा रहा है उसकी प्रार्थना....
तब वह अंतिम अभिव्यक्ति के लिए

हो जाती है सन्नद्ध
अंतिम अभिव्यक्ति के लिए
सचमुच, अंतिम अभिव्यक्ति के लिए...."[8]

सामाजिक, राजनैतिक परिवर्तन के लिए यथास्थिति के खिलाफ आंदोलन ही एकमात्र रास्ता है। लेकिन सामाजिक जड़ता अकर्मण्यता के कारण हताशा व्याप्त है–

"जहर तेज होता जा रहा है
समूचा देश तेज खोता जा रहा है
अब आँधी भी आती है तो
धूल नहीं उठती
किसी भी गर्व से छाती
फूल नहीं उठती
गद्दारी के लिए हर व्यक्ति
न्योता जा रहा है।"[9]

भवानी प्रसाद मिश्र हिंदी के उन विरल कवियों में आते है जिन्हें समय जन्म देता है। प्रसिद्ध आलोचक प्रभाकर श्रोत्रिय लिखते हैं–"नसें तो नसें, जिसे हड्डियों में भी अपना दिल धड़कता लगता है, जो किसी बौद्धिक तर्क के सहारे कविता नही रचता, बल्कि जो कविता लिखता ही नहीं, कविता उसे लिखती है; जिसे आज की कविता पिछले तमाम युगों की अपेक्षा अतीत से सबसे अधिक जुड़ जाने योग्य लगती है, जो कोकिल, हवा, नदी, मेघ, पिचकारी, आँचल और दूध की भाषा बोलता है उसके बारे में हमें ऐसा क्यों लगता है कि वह पिछले पाँच दशकों का विरल कवि है।"[10]

भवानी प्रसाद मिश्र किसी भी वाद-विवाद से परे होकर मानव मन की अभिव्यक्ति करते रहे। अकेले और निविड़ अपकेलेपन में भी वे निस्संग नहीं रहे। उनके साथ समूची प्रकृति और मनुष्य रहा। वे काव्य को मानवात्मा के खालिस सुख और खालिस दुःख की अभिव्यक्ति थे। मनुष्य सभी प्रकार के मानसिक, शारीरिक जकड़न से मुक्ति चाहता है। घृणा, द्वेष, दैन्य, भय, संशय से मुक्ति के लिए सभी संघर्षरत हैं–

"इन्होंने अन्न नहीं खाया है
खून पिया है
इन्होंने आदमियों का नहीं
दरिन्दों का जीवन जो जिया है
भाईबंद माने नहीं जाते ये चेहरे
हमसे बिल्कुल पहचाने नहीं जाते थे चेहरे"[11]

वे अपराजित हृदय के कवि थे। और कोरे कवि भी नहीं थे। प्रसिद्ध लेखक, आलोचक विजय बहादुर सिंह ने लिखा है–

"उनकी जिंदगी दोनों किनारों के घाटों पर एक खेवक की नाव की तरह इस पार से उस पार को जोड़ने की कोशिश में लगी रहती थी। एक किनारे पर जीवन यथार्थ की भयानक चुनौतियाँ थी और एक सजग नागरिक का दायित्वबोध। दूसरे पर कविता की पुकार। भवानी भाई बड़ी खूबसूरती से दोनो राग गाते थे। उन्हें कविता भी सिर्फ इसलिए प्रिय थी, क्योंकि वह इस लड़ाई के आड़े दिनों में एक गहरे और भरोसेमंद दोस्त की तरह काम आती थी।"[12]

बेमिसाल संघर्ष और बलिदान के पश्चात हासिल हुई स्वतंत्रता के बाद भी सामाज़िक संघर्ष और भेदभाव खत्म नहीं हुए। ऐसी स्थिति में कवि का हृदय व्यथित हो जाता है–

"यह अछूत वह काला गोरा
यह हिन्दू वह मुसलमान है
वह मजदूर और मैं घनपति
यह निर्गुण वह गुण विधान है।"(13)

सत्य, अहिंसा, प्रेम, दया, करुणा, मैत्री, शांति, सद्भाव सहिष्णुता मानवता के मूलभूत गुण हैं। इस गुण के उजागर होते ही मानव का उदात्तीकरण हो जाता है। समस्याएँ धीरे-धीरे विलीन हो जाती है–

"देश के हर गाँव शहर और कस्बे की
चिता चुपचाप जलने नहीं दी जाएगी
मैं एक ही जिंदा आदमी (महात्मा गाँधी)
इस ऊँचाई से आवाज लगाऊँगा
लाशों को जगाउँगा
लाशे जागेंगी
और नया एक दूसरा जश्न
मनाया जाएगा
नए सिरे से इस देश की धरती को
शस्य श्यामला बनाया जाएगा।"(14)

कवि जगत् की जीर्ण पुरातन भावनाओं, पुरानी रुढ़ियों, पुरानी विचारधाराओं को मिटाकर एक नयी विचारध्धारा को स्थापित करने के पक्षधर है। कवि को आशा है कि समय और समाज अवश्य बदलेगा–

"ज्यादातर आँखें खुश हैं कि
लगभग खत्म एक आशा ने
फिर जैसे सिर उठाया है
घाव दुखाने वालों का दल
इस अनपेक्षित से थोड़ा ही सही, घबराया है
और गर्दन कुछ झुकी हुई है
प्रार्थना के भाव से।"(15)

'गाँधी पंचशती' में मानवतावादी स्वर अधिक मुखर है। मानव के सुख-दुःख से प्रेरित कवि जगत् में सत्य और अहिंसा के माध्यम से एक नूतन युग के निर्माण का आकांक्षी है।

निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध पत्र में मानवतावादी कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं अभिव्यंजित मानवतावादी प्रवृत्तियों का अनुशीलन किया गया है।

भवानी प्रसाद मिश्र उन कवियों में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं जिनका पुरातन के प्रति मोह भी है और आधुनिकता के प्रति लगाव भी, क्योंकि मनुष्य पुरातन से जुड़कर अपनी परंपराओं, संस्कृति को जान पाता है तथा आधुनिकता से जुड़कर वह आधुनिक ज्ञान विज्ञान से अपने को सम्बद्ध कर पाता है। भवानी प्रसाद मिश्र को सच्चा कवि हृदय मिला है। अनुभूति की मार्मिकता और अभिव्यक्ति की सरलता ने उनकी कविताओं को लोकप्रियता के विविध सोपनो पर ला बिठाया है। पूंजीपतियों द्वारा हो रहा शोषण, शासन से शोषण, अफसरशाही से शोषण आदि अनेक समस्याओं से जब आम जनता त्रस्त हो रही थी उस समय भवानी प्रसाद मिश्र ने मानवतावादी दृष्टि को अपनाकर कविताएं लिखी ।सामान्य आदमी को केंद्र में रखकर कविता

लिखना एक लोक धमी और मानवतावादी कवि की पहचान है।

वर्तमान युग मूल्यों के विघटन का युग है। समस्त प्राचीन अच्छे मूल्य धीरे-धीरे नष्ट होते जा रहे हैं आज का समय अत्यंत चुनौतीपूर्ण और संघर्षपूर्ण प्रतीत हो रहा है। मनुष्य के प्रबल स्वार्थ ने ज्ञान विज्ञान की अद्‌भुत शक्ति को कल्याण के मार्ग से हटाकर उसे नरसंहार के मार्ग पर ला खड़ा किया है। मानवतावाद का केंद्र बिंदु मनुष्य है और मानवतावाद का सर्वभूत सिद्धांत बुद्धि पर आश्रित है। मानवतावाद का संबंध आदर्शवाद से भी अधिक है मानवतावाद का संबंध आगे चलकर नैतिकता से भी हो जाता है। मनुष्य आज जिस शोषण मुक्त न्याय और समानता के सिद्धांतों पर आधारित जनतांत्रिक समाजवादी व्यवस्था की आकांक्षा में लगा है उसमें वह भौतिक और आध्यात्मिक दोनों क्षेत्रों में मानवतावाद का विकास करना चाहता है जिससे सारे विश्व में बंधुत्व का भाव पैदा हो सकता है। इसके लिए यह जरूरी है कि मानवतावाद के सिद्धांतों का प्रत्यक्ष जीवन में प्रयोग हो और मानवतावाद के विविध आयामों का सामाजिक स्तर पर सहजता से ग्राह्य हो। मानवतावादी मूल्यों जैसे अहिंसा, प्रेम, विश्व बंधुत्व, सहिष्णुता, परोपकार, दया, करुणा, मैत्री, शांति, सद्‌भाव, सहिष्णुता आदि का प्रचार प्रसार जितना अधिक होगा मानवतावादी चिंतन उतना ही प्रखर होता जाएगा। मानवतावाद में मनुष्य की महिमा को प्रतिष्ठित करने का स्वर है। मानवतावाद मानकर चलता है कि मनुष्य के भीतर पाशविक और दिव्य दोनों प्रकार की शक्तियां है और इन शक्तियों में दिव्य शक्ति को उजागर करना मानवतावाद का लक्ष्य है। भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं में मानव मूल्यों के प्रति आस्था एवं मानवीय संवेदनाएं विशेष रूप से सामने आती है समस्त मानव जाति के लिए कल्याण की भावना उनके काव्य में सर्वत्र देखी जा सकती है।मानवतावाद और मानवीय मूल्यों के प्रति कवि की सोच अत्यंत गंभीर है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं में मानवतावाद के विभिन्न आयाम उपलब्ध हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. शिलर एफ० सी० एस०, ह्यूमेनिटेनिज्म घूमेनिरेटिनिज्म, इनसायक्लोपिडिया ऑफ रिलीजन एंड एथिक्स, पृ०830
2. मूलर एच० जे० मूलर, द ह्यूमेनिस्ट फ्रेम सं० हक्सले, जार्ज ऐलेन एण्ड अनविल लि० लंदन, पृ०402
3. गुलाबराय, आचार्य, काव्य के रूप, प्रकाशक-आत्माराम एण्ड संल, दिल्ली, पृ०55
4. राधाकृष्णन, पूर्व और पश्चिम (East and West), ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, पृ०19
5. वही, पृ०28
6. मिश्र भवानी प्रसाद, गाँधी पंचशती, सरला प्रकाशन, दिल्ली सं० 1969, पृ०14
7. वही पृ०148
8. मिश्र भवानी प्रसाद, त्रिकाल संध्या, राजपाल प्रकाशन दिल्ली, सं० 1978, पृ०65
9. वही, पृ०124
10. श्रोत्रिय प्रभाकर, कवि परम्परा तुलसी से त्रिलोचन, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नयी दिल्ली, चतुर्थ संस्करण 2013, पृ०196
11. मिश्र भवानी प्रसाद, त्रिकाल संध्या, राजपाल प्रकाशन दिल्ली, सं० 1978, पृ०122
12. सिंह विजय बहादुर, 'व्यक्ति थे पहले तुम अब समय हो', समकालीन सृजन संचयन, सं० शंभुनाय, प्रतिश्रुति प्रकाशन, कोलकाता, प्रथम संस्करण 2018, पृ०260
13. मिश्र भवानी प्रसाद, गाँधी पंचशती, सरला प्रकाशन, दिल्ली संस्करण 1969, पृ०15
14. मिश्र भवानी प्रसाद, त्रिकाल संख्या, राजपाल प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण 1978, पृ०28
15. मिश्र भवानी प्रसाद, गाँधी पंचशती, सरला प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण 1969, पृ०339.

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

डॉ. धर्मवीर भारती कृत 'मेरी पत्नी और भेड़िया' में यथार्थ की अभिव्यक्ति

राकेश कुमार
शोधार्थी, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग,
जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार
Email id:-rk21250@gmail.com

'मेरी पत्नी और भेड़िया' (2009) प्रख्यात विचारक और लेखक डॉ. धर्मवीर द्वारा लिखित एक साहसी और विवादास्पद दलित आत्मकथा है। इस पुस्तक में उन्होंने अपने जीवन, परिवार और समाज के कटु यथार्थ का बिना किसी लाग-लपेट के विश्लेषण किया है।

पारिवारिक संघर्ष : डॉ. धर्मवीर ने अपनी आत्मकथा में अपने ही परिवार के सदस्यों, विशेषकर अपने भाई महीपाल और अपनी पत्नी (रमेश) के कथित अनैतिक संबंधों और जारकर्म का खुलकर विरोध किया है। इस सच को उजागर करने के लिए उन्हें अपने ही अपनों का विरोध झेलना पड़ा।

पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण : पुस्तक में लेखक के व्यक्तिगत जीवन के कुछ ऐसे पहलू भी सामने आते हैं, जैसे अपनी बेटियों की स्वतंत्रता पर कठोर प्रतिबंध लगाना। इसने साहित्य जगत में काफ़ी बहस और आलोचना को जन्म दिया।

कुंजी शब्द : उपेक्षित, शोषित, जारसत्ता, भारतीय समाज, उत्पीड़न, सकेरना, शोषण, पीड़ित, जारकर्म, बेरोजगारी, आर्थिक तंगी।

प्राक्कथन

दलित जारसत्ता का यथार्थ : आत्मकथा में लेखक ने 'जार' (यानि सामंती, शोषक और निरंकुश) प्रवृत्ति के खिलाफ एक सशक्त स्वर उठाया है। उनके अनुसार, समाज में केवल सवर्ण ही नहीं, बल्कि दलितों के भीतर भी 'जारसत्ता' (पितृसत्तात्मक और शोषक मानसिकता) पनप रही है।

शोषण और सामाजिक यथार्थः पुस्तक जाति, वर्ण और पुरुष सत्ता के क्रूर और दमनकारी चेहरों को उजागर करती है। यह केवल व्यक्तिगत जीवन की कहानी न होकर भारतीय दलित समाज की सामूहिक पीड़ा और सामाजिक भेदभाव की सच्ची दस्तावेज है।

स्त्री-पुरुष संबंधों पर बेबाक राय : इसमें विवाहेत्तर संबंधों (Extra-marital relationships) और स्त्री पर होने वाली पारिवारिक व सामाजिक हिंसा का बहुत ही यथार्थवादी और पीड़ादायक चित्रण किया गया है।

नये भारत की परिकल्पना : डॉ. धर्मवीर ने इस पुस्तक के माध्यम से एक 'जारमुक्त, नकारामुक्त और नंगमुक्त' भारत की कल्पना की है। उनका मानना था कि समाज में फैली इस गंदगी के खिलाफ लोगों को अपनों के खिलाफ ही क्यों न जाना पड़े, पर आवाज उठानी चाहिए।

साहित्यिक महत्व : हिंदी दलित आत्मकथाओं की विकास यात्रा में इस पुस्तक का विशेष स्थान है। यह परंपरा से हटकर लिखी गई एक साहसी और विवरणात्मक रचना है, जो पाठक को समाज के कड़वे सच का सामना करवाती है।

मेरी पत्नी और भेड़िया में दलित जारसत्ता

भारतीय समाज में दलित उत्पीड़न की करूण गाथा से सभी परिचित हैं। सादियों से शोषित, पीड़ित एवं उपेक्षित दलित वर्ग को न्याय दिलाने के लिए अनगिनत आन्दोलन चलाये जा चुके है। साहित्यकार, कलाकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता से लेकर आम जनता तक, सभी इस समस्या का हल ढूँढने की कोशिश कर रहे है, परंतुआज तक इस समस्या का कोई स्थायी हल ढूँढ़ा नहीं जा सका। दलितों की सामूहिक हत्याओं पर शोक व्यक्त किए जाते हैं, जुलूस निकाले जाते है, पत्र-पत्रिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर खबर छपती है, मगर शोषण एवं उत्पीड़न का यह अंतहीन सिलसिला कभी समाप्त नहीं होता। यह छलावा विगत कई वर्षो से हम देख रहे हैं। दलित आज भी नरकीय जीवन जीने के लिए अभिशप्त हैं। डॉ. धर्मवीर जी ने अपनी आत्मकथा के माध्यम से एक नये भारत की कल्पना की है। "जारमुक्त भारत, नकारामुक्त भारत और नंगमुक्त भारत होगा। यही हमारा भंगी होकर अपने आँगन से कूड़ा सकेरना (हटाना) है।"[1] इनका मानना था कि जारसत्ता के रूप में जो गंदगी समाज में फ़ैल रही है उसके खिलाफ अपनी आवाज उठानी पड़ेगी। इसके लिए अपनों के विरुद्ध ही क्यों न जाना पड़े।

डॉ. धर्मवीर हिन्दी साहित्य जगत के एक ऐसे लेखक है जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से दलित विषयक लेखन और आलोचना को एक नया आयाम दिया। इन्होंने अपनी आत्मकथा 'मेरी पत्नी और भेड़िया' के माध्यम से समाज की सबसे संवेदनशील धारणा विवाहेत्तर स्त्री-पुरूष संबंधों के खिलाफ आवाज उठाया। इनसे पहले शायद ही किसी ने जारसत्ता या जारकर्म की बात की होगी। ये अपने विचारोत्तेजक लेखन और मौलिक दृष्टि के लिए जाने जातेहै। इनका लेखन विगत पैंतालिस साल से चल रहा था, परंतु चर्चा में और विवाद में ये दलित विषयक लेखनऔर आलोचना को लेकर आए। ये विवाहेतर स्त्री-पुरूष संबंधों के खिलाफ थे। भरण-पोषण के बजाय तलाक औरपुनर्विवाह करना उचित मान रहे थे। 'जारसत्ता' को कानूनके द्वारा समाप्त करना चाहते थे। जारसत्ता के प्रश्न पर गैरदलित महिलाओं के साथ कुछ दलित महिलाएं भी डॉ.धर्मवीर को स्त्री-विरोधी कहने लगीं थीं। ये स्वंय अपनी पत्नी से तलाक के लिए एक दशक तक कोर्ट-कचहरी भागते रहे। इस दौरान हर दिन का हाल जो उन्होंने लिखा उसे 'मास्टर फाइल' नाम दिया था। उसी को आत्मकथा के रूप में प्रकाशित कराया तो नाम दिया- 'मेरी पत्नी और भेड़िया'। डॉ. धर्मवीर की आत्मकथा 'मेरी पत्नी और भेड़ीया'में मोरेलिटी की ताकत को देखा जा सकता हैं। लेखक नेकी जारकर्म और जारसत्ता की खटिया खड़ी कर दी, अर्थात् अब तक साहित्य में जिसे छिपाया जा रहा था। उसे धर्मवीर जी ने सबके समक्ष लाकर न सिर्फ खड़ा किया बल्कि उसका जमकर विरोध भी किया। अनिता भारतीबार-बार लिखती हैं कि 'धर्मवीर की पुस्तक 'प्रेमचंद :सामंत का मुंशी' के लोकार्पण का दलित महिलाओं ने सशक्त विरोध किया। दलित महिलाओं ने धर्मवीर जी केदलित स्त्री विरोधी होने के खिलाफ जमकर नारे लगाये गए। इस कार्यक्रम में नारे ही नहीं जूते-चप्पल भी चलायेगए थे। जिसके बारे में प्रसिद्ध लेखक सूरजपाल चौहान जी ने लिखा है-''पूर्वाग्रहों से ग्रसित कुछ महिलाओं का इसकार्यक्रम में आना, बिना बात सुने या संवाद किये जूते, चप्पल चलाना, कौन सी बौद्धिकता है ? ऐसे कृत्यों से साफपता चलता है की ये विचारों से कितनी दरिद्र हैं। ये केवल ऐसे ही काम कर सकती है।" डॉ. धर्मवीर ने मुख्य धारा के दिग्गजों से मुठभेड़की। जिसके कारण एक समय उनका अघोषित बहिष्कार किया जा रहा था। उस कठिन दौर में भी असहमतियों केबावजूद राजेन्द्र यादव 'हंस' में उनके लेख और समीक्षाएं छाप रहे थे। डॉ. धर्मवीर बुद्ध और डॉ. अंबेडकर के धर्मविषयक निर्णयों पर प्रश्न उठा रहे थे। डॉ. धर्मवीर अपने विचार के लिए समर्पित व्यक्तिथे। इन्होंने साहित्य आलोचना में समझौता विहीन आलोचना का रास्ता चुना था। यद्यपि ये पुरस्कारों में दलित लेखकों की भागीदारी के प्रबल पक्षधर थे परंतु ये कहते थे मुझे उनके पुरस्कार नहीं चाहिए तो समझौते क्यों करूं? येदलित लेखक की आड़ में पैदा हुए चमचातंत्र से भी आगाह कर रहे थे।

डॉ. धर्मवीर जी का 'मेरी पत्नी और भेड़िया' आत्मकथा साहित्यिक विधाओं में से एक है। जो कि अपने आप में एक

सर्वश्रेष्ट एवं अमूल्य रचना है। डॉ. धर्मवीर जी मेरठ से ताल्लुक रखते थे। इन्होंने अपने समाज और जाति का वर्णन करते हुए अपने तथा परिवार के बारे में बहुत गहनता पूर्ण लिखा है। अतः यह आत्मकथा उनके जीवन की बहुमूल्य निधि है। इन्होंने अपने जीवन को पूर्णरूप से पाठकों के सामने रख दिया है। किसी भी प्रकार का लुकाव-छिपाव नहीं है। ये अपने स्वभाव के अनुसार लेखनी करते थे। इन्होंने बहुत ही तार्किकता के साथ तथा स्पष्ट शब्दों में अपनी बात समाज में रखी है। अपनी आत्मकथा के माध्यम से लेखक ने एक नये भारत की कल्पना की है।" जारमुक्त भारत, नकारामुक्त भारत और नंगमुक्त भारत होगायही हमारा भंगी होकर अपने आँगन से कूड़ा सकेरना(हटाना) है।" आत्मकथा का हर अध्याय एक दूसरे से भिन्न है। डॉ.धर्मवीर जी कानून को सर्वोच्च मानते थे। ये कानून के खिलाफ नहीं थे, किंतु 'हिंदू विवाह अधिनियम 1955' और 'कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम 1984 से संतुष्ट नहीं थे।"[2]

इनका मानना था कि व्यक्ति जब सब तरह से हार चुका होता है तब जाकर वह कानून की शरण में आता है। ऐसे में यदि कानून भी फैसला लेने में समय लगाती है तो यह सिर्फ उस व्यक्ति और उसके परिवार का ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र का भी नुकसान होता है। मैं अपनी पत्नी को तलाक दे रहा हूँ क्योंकि मेरी पत्नी अपने पत्नी धर्म को निभा नहीं पाई।'' कोर्ट में जाने को वे तनिक भी बुरा नहींमानते थे। धर्मवीर जी कहते है, मैं संसद द्वारा पारित किएगए हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(1), (i),13(1)(i-d) और 13(1), (i-b) के अधिन हो कर कोर्ट के पास आया था। यह सब कानूनी प्रक्रिया है। यदि कानूनी प्रक्रिया को भी जज इस निगाह से देखते हैं तो यहउनके लिए अचम्भे की बात थी।"3इस आत्मकथा के माध्यम से 'तलाक' एक नये विकल्प के रूप में सामने आता है। यदि लाख कोशिशों के बावजूद भी जब पति-पत्नी के बीच रिश्ते अच्छे नहीं हो पारहे है तो उन्हें अलग होकर, अपनी नई जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। सही भी है जीवन भर साथ रहकर एक दूसरे को कष्ट देने से अच्छा है एक नये सिरे से जीया जायें। वे महिलाएं जो मोरेलिटी पर खड़ी हैं, जिन्होंने घरों को सुचारु ढंग से संभाला हुआ है और जो आत्मनिर्भर हो परिवार को आगे बढ़ा रही हैं, जो पति के साथ कंधे से कंधा लगा कर खड़ी हैं, सही मायने में वे ही आत्मनिर्भर और एक स्वच्छ समाज के निर्माण में अपना योगदान दे रही हैं। यह आत्मकथा दलित समाज की स्थिति पर भी प्रकाश डालती है डॉ. धर्मवीर जी खुद जाति से चमार थे उन्होंने जातिगत भेद-भाव तथा गरीबी को बहुत करीब से देखा था। इसके साथ ही इस आत्मकथा में लीक से हटकर चलने की बात भी कि गई हैं। कैसे व्यक्ति चाहे तो वह अपने अनुसार अपना व्यवसाय चुन सकता है बशर्ते उसमें लगन होनी चाहिए अपने व्यवसाय (काम) के प्रति। वहीं यह आत्मकथा समाज की कुप्रथाओं का भी विरोध करती है किअब तक जो हुआ वह गलत था किन्तु अब गलत नहीं करना है, जरुरी है कि अपनी मानसिकता को बदला जाए। परम्पराओं तथा संस्कारों के नाम पर इन कुप्रथाओं को ढ़ोना गलत है। जो संस्कार एक अच्छे समाज के निर्माण में बाधा उत्पन्न करते है उन्हें त्यागने में ही भलाई है। न कि जाति के नाम पर ढ़ोते रहने की। जब व्यक्ति अपने समाज और जाति के द्वाराबनायी हुई लीक को तोड़ता है तो वह सचमुच इतिहास रचता है और इसके लिए अदम्य साहस की जरूरत होती है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हम लेखक डॉ. धर्मवीर जी की आत्मकथा 'मेरी पत्नी और भेड़िया' में देख सकते है। उन्होंने जार सत्ता के विरूद्ध अपनी आवाज उठाई और शुरूआत खुद के घर से की। जब सुरेन्द्र उन्हीं के जाति के होते हुए यह कहते है कि- ''आपको हमारे समाज का पता नहीं है। हमारी कौम में अस्सी प्रतिशत औरतें अपने देवरोंके रह रही हैं।"[4]

तभी बाबूराम जी कहते है-''मैं भी इसी चमार कौम का हूँ। मैं अपनी पत्नी को अपने भाई के घर में नहीं रहने दूँगा। मैं उन के पैणड कर दूँगा। मैं एक परसेन्ट भी बर्दाश्त नहीं करूँगा।"[5]

अतः देख सकते है कि जिस सोच को लेकर धर्मवीर जी ने अपने समाज और जाति के विरूद्ध आवाज उठाई थी वह असरकरने लगा था। इस आत्मकथा के द्वारा परिवार तथा रिश्तों की ऐहमियत का भी पता चलता है। पति-पत्नी के बीच आपसी कल्ह में कैसे बच्चों का उज्जवल भविष्य बर्बाद होने लगता है। यदि समय रहते नहीं सुधारा गया तो पूरापरिवार बिखर जाता है। यह आत्मकथा समाज के उन दोहरे व्यक्तित्व वाले लोगों का भी पर्दा फाँस करता है जो एक तरफ खुद को हिमायती बताते है और दूसरी तरफ गड्ढा खोदते है। यह आत्मकथा उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो किसी बंधन में बंध कर

या मुश्किलों से हारें मानकर अपना विकास नहीं कर पाते। सम्पूर्ण आत्मकथा जीवन के प्रति जीने की लालसा है। जीवन में संघर्षो से परेशान होकर वैराग्य या मोक्ष की कामना न करते हुए गृहस्थ जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। यह आत्मकथा हमें यह भीं बताता है कि किस प्रकार एक व्यक्ति अपने जीवन में संघर्ष करता है। बेरोजगारी व आर्थिक तंगी के बावजूद भी अपने कर्तव्यो से दूर नहीं भागता और जीवनभर संघर्षरत रहता है। लेखक द्वारा उठाया गया मुद्दा जारकर्म और जारसत्ता यह भी समाप्त हो सकता है जब हम अपने सोच में परिवर्तन लायेगें। हर रिश्तें की अपनी एक मर्यादा होती है। आज आधुनिकता की दौड़ में हम अपने आपको आधुनिक कहते हुए उन मर्यादाओ को तिलांजलि दे रहे। आधुनिक होना गलत बात नहीं है किन्तु आधुनिकता की आड़ में नैतिक मूल्यों, अपने कर्तव्यों तथा मर्यादाओं कीअनदेखी करना गलत है।आज समाज में जारकर्म और जारसत्ता दोनों ही अपनी पैठ बना रहे है, इसलिए क्योंकि हम उनका विरोध नहीं कर रहे। सोचते है कि ये उनके घर की बात है हम क्यों फँसे लेकिन उनके घर की बात कब अपनी हो जाये पता नहीं चलता और अंत में अपनी बदनामी के डरसे इसे स्वीकार कर चुप बैठ जाने से अच्छा होगा कि इसके विरुद्ध आवाज उठाई जाए और यह तभी सम्भव होगा जब व्यक्ति अपने और अपनों के प्रति तथा समाज के प्रति जागरूक होगा। सुधार की बात अपने घर से होनी चाहिए।

कबीरदास जी कहते है कि ."कबीरा खड़ा बजार में लिए लुकाठी हाथ जो घर जारा आपना चले हमारे साथ। "कबीर दास जी के इस दोहे को धर्मवीर जी ने भलीभांति चरितार्थ किया है। जारकर्म और जारसत्ता से लिप्त अपने भाई महीपाल और अपनी पत्नी रमेश के विरुद्ध आवाज उठाई। अन्तिम रूप नें अपनी बात रखते हुए धर्मवीर जी कहते है कि -''अब तक दुनिया में स्त्री-पुरूष सम्बन्धों के अनेक समाधान दिए गए हैं पर यह मेरा समाधान है कि—अच्छी स्त्री को बुरी स्त्री के खिलाफ लड़ना है। अच्छे पुरूष को अच्छी स्त्री का साथ देना है। अच्छी स्त्री को अच्छे पुरूष का साथ देना है।"[6]

अक्सर हम देखते या पढ़ते हैं कि लेखक अपने विषय में या अपनी जाति के प्रति सहानुभूति प्रकट करताहै किन्तु कुछ ऐसे विरले भी होते है जो अपने लेखनी के प्रति इतने ईमानदार होते है जो सच है तो है उन्हीं में से एक डॉ. धर्मवीर जी है। अपनी जाति और परिवार की बुराइयों तथा कमियों को सबके सामने बेबाकी से रखना बड़ी बात है। हर तरह के अधिकारों से वंचित दलित-वर्ग को आज भी तथाकथित सवर्णवादी शोषकीय शक्तियों के घृणा एवं तिरस्कार को झेलना पड़ता हैं। ये शोषक शक्तियाँ अपनी दुधारी तलवार से पहले दलित हितों पर वार करती हैं, फिर छद्म सहानुभूति प्रकट करते हुए दलितों कामसीहा बन जाते हैं। इस प्रकार हम इस आत्मकथा में जारकर्म तथा दलित समस्याओं को भी देख सकते हैं। वर्तमान समाज में आये दिन ऐसी घटनाएँ सुननेको मिलती है कोई भी हो चाहे स्त्री या पुरुष ऐसे लोगो का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए तभी उनमे समाज का डर होगा जब तक ठोस कदम नहीं उठाए जाएगे तब तकयह सम्भव नहीं हो सकता। मेरे विचार से यदि किसी साहित्यकार की किसी भी साहित्य या रचना से व्यक्ति प्रभावित होकर कुछ सिखताहै या प्रेरित होता है तो सही मायने में यह उस साहित्यकार की और उस साहित्य की सबसे बड़ी सिद्धि होगी। अंततःमैं यही कहना चाहूंगीं है आत्मकथा ऐसे व्यक्ति की, जिससे परिस्थितियाँ हारी और हारा औरों का अभिमान वह होकर विकलांग, फिर भी न हारा अपना स्वभिमान, हार गया वह समाज, जिसके विरूद्ध उसने उठाया अभियान। गया छोड़ वह संसार, पर रह गया उसका ज्ञान।"

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. डॉ. धर्मवीर-मेरी पत्नी और भेड़िया-पृ.सं.-6 (वाणीप्रकाशन प्रथम संस्करण 2009)
2. डॉ. धर्मवीर-मेरी पत्नी और भेड़िया-पृ.सं.-206
3. डॉ. धर्मवीर-मेरी पत्नी और भेड़िया-पृ.सं.-1044
4. डॉ. धर्मवीर-मेरी पत्नी और भेड़िया-पृ.सं.-39
5. डॉ. धर्मवीर-मेरी पत्नी और भेड़िया-पृ.सं.-40
6. डॉ. धर्मवीर-मेरी पत्नी और भेड़िया-पृ.सं.-5
7. हंस पत्रिका, अप्रैल -2017